शनिवार

नालन्दा, 01.02.2025

नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:7

www.apnanalanda.com

## बिहारशरीफ रेलवे स्टेशनः पुराना फ्लाईओवर बंद, यात्रियों को हो रही कठिनाई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन का पुराना मुख्य फ्लाईओवर कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन पर एक नोटिस चिपकाया है, जिसमें कहा गया है कि ष्कार्य प्रगति पर है' और ष्असुविधा के लिए खेद है', साथ ही ष्कृपया नया एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) का उपयोग करें' लिखा गया है। लेकिन जमीन पर स्थिति कुछ और ही दिखती है, क्योंकि कार्य की प्रगति बहुत धीमी है और पुराना फ्लाईओवर अभी भी बंद है। यात्रियों को अब एक नंबर और दो नंबर प्लेटफार्म के बीच जाने के लिए खतरनाक तरीके से ट्रैक पार करना पड़ रहा है। इस दौरान वे अक्सर कूदकर रेल पटरी पार करते हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। रेलवे स्टेशन पर दो फ्लाईओवर हैं, लेकिन दूसरा फ्लाईओवर टिकट काउंटर और एंट्री गेट से काफी दूर स्थित है, जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने पर कठिनाई होती है। विशेषकर जब पटना की ओर से आने वाली ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलता है, तो यात्री ट्रैक पार कर एक नंबर प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए मजबूर होते हैं। स्टेशन प्रबंधक शंभु यादव का कहना है कि तीन नंबर प्लेटफार्म पर ट्रेनों का आवागमन अब शुरू हो गया है, लेकिन पुराना फ्लाईओवर ट्रैक के मानक दूरी से कम है। इसी वजह से यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुराना फ्लाईओवर बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नए फ्लाईओवर का निर्माण जल्दी ही शुरू किया जाएगा, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और उन्हें बेहतर सुविधा मिल सके।

## शिक्षा सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण, कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी



**नूरसराय अपना नालंदा।**

शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ शुक्रवार को नूरसराय के मध्य विद्यालय सरदार बिगहा का निरीक्षण करने पहुंचे। विद्यालय परिसर में चल रहे चेतना सत्र के दौरान प्रार्थना समाप्ति के बाद प्रधानाध्यापक मो. मोअज्जन अहसन ने उनका अभिवादन किया। इस दौरान छात्रों ने स्वागत गीत गाकर सचिव का स्वागत किया। चेतना सत्र के तहत छात्रों के बीच प्रतिदिन की तरह ष्चांद' और ष्सूरज' का चुनाव किया गया, जिनका ताज पहनाकर सचिव ने सम्मान किया। इसके बाद उन्होंने कक्षा-कक्षों का निरीक्षण किया और छात्रों से उनकी पढ़ाई, शिक्षकों की भूमिका और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था को लेकर बातचीत की। विद्यालय परिसर में सजावट और हरियाली देखकर सचिव संतुष्ट नजर आए, लेकिन उन्होंने शिक्षकों को खाली स्थानों पर और अधिक पौधे लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदार बिगहा पहुंचे सचिव ने नवम और दशम कक्षा में मात्र 20 छात्रों की उपस्थिति देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रधानाध्यापक और शिक्षकों से इस विषय पर चर्चा की और छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। इसके अलावा, सचिव ने विद्यालय की आईसीटी (ICT) लैब का भी निरीक्षण किया और इसकी व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक मो. मोअज्जन अहसन, शिक्षक उमाकांत वर्मा, आलोक कुमार, सियाशरण कुमार, अस्मिता भारती, प्रियंका सिन्हा, चंदा वर्मा और आनंद कुमार सहित अन्य शिक्षण व प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित रहे। शिक्षा सचिव ने प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया और गोविंदपुर विद्यालय का भी निरीक्षण किया और वहां की शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया।

## नालंदा में दो मौतों पर लोजपा (रामविलास) ने उठाई न्याय की मांग, उच्चस्तरीय जांच व मुआवजे की मांग



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के रहुई प्रखंड के बसनापुर गांव निवासी राजाराम पासवान की बिजली करंट से संदिग्ध मौत और बसंतपुर निवासी हरे राम पासवान की हत्या के मामले में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने उच्चस्तरीय जांच और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के निर्देशानुसार दो जांच दलों का गठन किया गया, जिसने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और न्याय की मांग की। जांच टीम में संजय पासवान दृ प्रदेश प्रधान महासचिव,शंकर शर्मा दृ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (अति पिछड़ा प्रकोष्ठ),हर्ष चौपड़ा दृ युवा प्रदेश उपाध्यक्ष,प्रो. राम प्रवेश यादव दृ लेबर सेल प्रदेश अध्यक्ष,सियाराम यादव दृ प्रदेश महासचिव (अति पिछड़ा प्रकोष्ठ),सुजीत पासवान दृ प्रदेश उपाध्यक्ष (SC/ST प्रकोष्ठ) शामिल थे। लोजपा (रामविलास) की मांगें: दोनों मामलों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी हो। पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी और 20 लाख रुपये मुआवजा मिले। लोजपा (रामविलास) नालंदा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## शहरी सौंदर्यीकरण व अतिक्रमण हटाने को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शुक्रवार को नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में सभी कार्यालय प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी कार्यालयों के समक्ष अतिक्रमण हटाने, सफाई व्यवस्था सुधारने और सौंदर्यीकरण से संबंधित विभिन्न निर्देश दिए गए। अतिक्रमण हटाने व सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, अग्निशमन विभाग सहित अन्य सरकारी कार्यालयों के सामने से अतिक्रमण हटाया जाए, लटके हुए बिजली तारों को व्यवस्थित किया जाए और कार्यालय परिसरों में साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, सरकारी भवनों की बाउंड्री वॉल पर सुंदर पेंटिंग कराने का भी निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त को स्मार्ट सिटी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण, नाला निर्माण, सौंदर्यीकरण व पाथवे डेवलपमेंट के कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही सड़क किनारे पड़े बालू, ईंट, गिट्टी व मिट्टी को जल्द हटाने और अवैध अतिक्रमण को समाप्त करने का निर्देश दिया गया। अवैध होर्डिंग पर होगी सख्त कार्रवाई शहर में बिना अनुमति लगाए गए अवैध होर्डिंग व पंपलेट को चिन्हित कर आर्थिक दंड सहित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।रोड मार्किंग और साइनेज लगाने के निर्देशकार्यपालक अभियंता (आरसीडीध्आरडब्लूडी) को निर्देशित किया गया कि शहर भर में सड़क चिह्नांकन (मार्किंग) एवं साइनेज लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। कार्यालयों को स्वच्छ और सुंदर बनाने पर जोर सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे अपने कार्यालयों के बाहर गंदगी न होने दें, परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें तथा सरकारी परिसरों में जलजमाव न होने दें। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिहारशरीफ में नालंदा ब्लड ग्रुप की क्विज प्रतियोगिता, विजेताओं को मिलेंगे नकद पुरस्कार




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा ब्लड ग्रुप द्वारा 23 फरवरी को एक भव्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 4 से 12 तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 1000 से अधिक छात्रों के भाग लेने की संभावना है। अब तक 200 से अधिक छात्र अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। प्रतियोगिता के अंत में टॉप 15 छात्र केबीसी शैली में 20 सवालों का जवाब देकर टॉप स्थान प्राप्त करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को रु10,000 नकद, शील्ड, मोमेंटो और अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को रु 5,000, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को रु 2,500 का पुरस्कार मिलेगा। प्रतियोगिता के प्रश्नों से संबंधित पीडीएफ परीक्षा से दो-तीन दिन पहले जारी की जाएगी, जिसमें से 70: प्रश्न पीडीएफ से और 30: प्रश्न बाहर से पूछे जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह टाउन हॉल में आयोजित होगा। नालंदा ब्लड ग्रुप की टीम ने सभी विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है और सीमित सीटों के कारण जल्द ही पूरी हो सकती है। इच्छुक छात्र नालंदा ब्लड ग्रुप के सदस्यों से संपर्क कर अपना फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

# न्यू आदर्श नगर में सड़क निर्माण का शिलान्यास, विकास को मिलेगी गति



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर नगर परिषद के वार्ड संख्या 26 अंतर्गत न्यू आदर्श नगर में 31 जनवरी 2025 को बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर राजगीर के विधायक कौशल किशोर, नगर परिषद अध्यक्ष जीरो देवी और उपाध्यक्ष मुन्नी देवी ने संयुक्त रूप से आधारशिला रखी। इस कार्यक्रम में वार्ड 26 के पार्षद राजवल्लभ पासवान के अलावा वार्ड पार्षद सुरेंद्र राजवंशी, श्यामदेव राजवंशी, मीरा देवी, कविता कुमारी, मनीषा कुमारी, अशोक राजवंशी, निरंजन मालाकार, अरुण साव, महेश साव, सौभव कुमार, पिंटू कुमार सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जदयू प्रदेश महासचिव आशुतोष कुमार पांडेय ने विधायक कौशल किशोर के साथ शिलान्यास में भाग लिया और इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि यह सड़क बनने से स्थानीय लोगों को यातायात की सुविधा मिलेगी और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

# महिला स्वास्थ्य के लिए हरी सब्जी और साग आवश्यकः डॉ. रणधीर कुमार



नूरसराय (अपना नालंदा)। नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय में शुक्रवार को ष्पोषक वाटिकाष विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दरुआरा गाँव की 40 गृहणियों को पोषक वाटिका का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने कहा कि महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वे परिवार की देखभाल करने वाली होती हैं। यदि वे अपने रसोई में हरी सब्जियाँ, पालक, मेथी और अन्य साग-सब्जियों का उपयोग करेंगी, तो परिवार को संतुलित आहार मिलेगा और कुपोषण से बचाव होगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय ने दरुआरा गाँव को गोद लिया है और वहाँ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में सैकड़ों महिलाओं का ब्लड टेस्ट एवं ऑक्सीजन लेवल की जाँच की गई, जिसमें 80ः महिलाओं में ऑक्सीजन स्तर की कमी पाई गई। इसके साथ ही अधिकांश महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी भी दर्ज की गई। महाविद्यालय द्वारा इस गाँव की सतत निगरानी की जा रही है। प्रशिक्षित महिलाओं को वर्मीकम्पोस्ट और सब्जियों के बीज वितरित किए गए ताकि वे अपने किचन गार्डन में इनका उत्पादन कर सकें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक विनोद कुमार ने कहा कि हरी सब्जियों, पालक और बथुआ को आहार में शामिल करना आवश्यक है, जिससे शरीर में पोषक तत्वों की कमी न हो। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि महिलाएँ प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने घर में हरी सब्जियाँ उगाएंगी और उनका सेवन करेंगी, तो उनके परिवार के लोग कुपोषण जैसी बीमारियों से बच सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक सरदार सुनील सिंह, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. सीमा, डॉ. माला, डॉ. संजय कुमार, डॉ. संतोष चौधरी, डॉ. सोलंकी नागमणि और कुंजबिहारी सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# थरथरी में जदयू कार्यकारिणी की बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा



थरथरी(अपना नालंदा)। शुक्रवार को जदयू प्रखंड कार्यालय में प्रखंड कार्यकारिणी एवं पंचायत अध्यक्षों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने की। बैठक में बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की गई तथा पार्टी विस्तार और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू को फिर से सत्ता में लाने के लिए संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख चंद्रभूषण सिंह, शैलेंद्र दुबे, संजीव प्रसाद, संतोष चंद्रवंशी, उमाशंकर प्रसाद, रामजी प्रसाद, अनिल कुमार, रणबीर रावत, अजय प्रसाद, उदय कुमार, रंजीत कुमार, आशुतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, बृजनंदन प्रसाद, धर्मपाल सिंह, मुरारी सिंह, जहेन्द्र यादव सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सेन्ट्रल बैंक के प्रबंधक विजय कुमार को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई




**बिहारशरीफ (अपना नालंदा)**। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बिहारशरीफ के प्रबंधक विजय कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर एलडीएम श्रीकांत सिंह ने उनकी कार्यकुशलता और मृदुभाषी स्वभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं बैंक और ग्राहकों के लिए अत्यंत मूल्यवान रही हैं। शाखा प्रबंधक यशराज ने कहा कि विजय कुमार औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन उनके योगदान और व्यक्तित्व की छाप हम सभी के दिलों में बनी रहेगी। उनके नेतृत्व से टीम को भी सीखने का अवसर मिला। सहायक प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि यह समारोह विजय कुमार के समर्पित सेवा जीवन के सम्मान में आयोजित किया गया था। डॉ. शशिकांत कुमार टोनी ने कहा कि विजय कुमार के नेतृत्व में कर्मचारी सदैव एकजुट होकर कार्य करते रहे, उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। इस दौरान उनके सहयोगियों और मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का संचालन नालंदा कॉलेज शाखा के प्रबंधक अजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर विजय कुमार की पत्नी लाली श्रीवास्तव, कर्मचारी दीपिका गुप्ता, श्वेता सिन्हा, दीप्ति गुप्ता, उर्मिला कुमारी, अनुपमा कुमारी, दिव्या सहाय, अधिवक्ता संजय कुमार, सुरक्षा प्रहरी विनोद कुमार, ग्राहक एवं बैंक कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शारीरिक शिक्षक उपेंद्र मिस्त्री को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सिलाव प्रखंड स्थित रासबिहारी प्लस टू उच्च विद्यालय, नालंदा में शुक्रवार को शारीरिक शिक्षक उपेंद्र मिस्त्री के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र प्रसाद ने कहा कि श्री मिस्त्री जनवरी 2008 से लगातार अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। उन्होंने शारीरिक शिक्षा के अलावा विभिन्न विषयों की शिक्षा भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्ति एक प्रक्रिया है, लेकिन वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उन्होंने श्री मिस्त्री से अनुरोध किया कि वे समय-समय पर विद्यालय आकर अपने सुझाव दें। पूर्व प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध प्रसाद ने उपेंद्र मिस्त्री को ष्पारस पत्थरष की संज्ञा देते हुए कहा कि वे हर परिस्थिति में विद्यालय को अपनी सेवा देते रहे हैं। इस अवसर पर उपेंद्र मिस्त्री ने विद्यालय से जुड़े रहने और समय-समय पर मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश चंद्र पांडे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रवींद्र कुमार यादव ने किया। विद्यालय की छात्राओं अनुष्का और अर्चना ने स्वागत एवं विदाई गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रविला देवी (पत्नी), पुत्र अमन राज, शिक्षक खालिद हुसैन, ब्रज भूषण रमण, संतोष कुमार, जैनेन्द्र कुमार, रंजन कुमार, दीपक कुमार, दीपू कुमार, नीलम कुमारी, अर्पणा कुमारी, माधुरी प्रसाद, रजनीगंधा, मीनाक्षी गुप्ता सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिहारशरीफ में मासूम से लॉकेट छीनने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार



बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। लहेरी थाना क्षेत्र में 25 जनवरी 2025 को शाम 3रू00 बजे महिला कॉलेज, नालंदा के पास रविरंजन कुमार अपने छह वर्षीय पुत्र के साथ जा रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने बच्चे के गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। इस मामले में लहेरी थाना कांड संख्या-45/25, दिनांक 26.01.2025 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। CCTV फुटेज और तकनीकी जांच से अपराधियों की पहचान हुई और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने लॉकेट स्वर्णकार गणेश कुमार को बेचने की बात कबूली, जिसके बाद पुलिस ने लॉकेट बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मो. समीर (21 वर्ष),मो. अरमान उर्फ मन्ना (19 वर्ष), मो. शमशेर (20 वर्ष) तथा गणेश कुमार खत्री (26 वर्ष) है।



# बदलें बिहार महाजुटान की तैयारी को लेकर 2 फरवरी को होगा जनसमागमः भाकपा-माले

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भाकपा–माले के बिहार राज्य कमेटी सदस्य और नालंदा जिला सचिव सुरेंद्र राम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाकपा–माले द्वारा 9 मार्च 2025 को पटना के गांधी मैदान में आयोजित ष्बदलो बिहार महाजुटानष् की तैयारियों के तहत 2 फरवरी 2025 को बिहारशरीफ के टाउन हॉल में नालंदा–नवादा जिले का संयुक्त जनसमागम होगा। इस कार्यक्रम में जीविका दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, विद्यालय रसोइया, मनरेगा मजदूर, फुटपाथी दुकानदार, ठेला चालक, सफाईकर्मी, छात्र, युवा, बेरोजगार, मजदूर और किसान आंदोलनों से जुड़े सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। सुरेंद्र राम ने कहा कि नालंदा समेत पूरे बिहार में हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने सासाराम के कांग्रेस सांसद मनोज राम और फुलवारीशरीफ के भाकपा–माले विधायक गोपाल रविदास पर हुए सामंती अपराधियों के हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जनता छव। सरकार को सत्ता से हटाने के लिए तैयार है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाकपा–माले के बिहार राज्य सचिव कुणाल फुलवारीशरीफ विधायक गोपाल रविदास पालीगंज विधायक एवं नालंदा संसदीय क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी संदीप सौरभ यह जनसमागम राज्य में जनमुद्दों पर संघर्षरत संगठनों और आंदोलनकारी शक्तियों को एकजुट करने का मंच होगा।

# डीएम ने जनता दरबार में 23 मामलों का किया निष्पादन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने शुक्रवार को दैनिक जनता दरबार में आए 23 आवेदकों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। यात्री पड़ाव निर्माण विवादरू इस संबंध में जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ को जांच के निर्देश दिए। इंदिरा आवास से वंचित आवेदकरू समाधान के लिए उप विकास आयुक्त, नालंदा को निर्देशित किया गया। बरहोग ग्राम भूमि बंटवारा विवादरू निष्पादन हेतु अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष, बिंद को निर्देश दिया गया। मंदिलपुर में फसल नष्ट करने का मामलारू इस गंभीर शिकायत पर पुलिस अधीक्षक, नालंदा को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अन्य आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को शीघ्र समस्या समाधान के निर्देश दिए।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)।राजगीर थाना कांड संख्या 314/22 , 5 जून 2022 में अभियुक्त जयराम राजवंशी (पितारू स्व. महावीर राजवंशी, निवासीरू कोनार्क नगर, थानारू राजगीर, जिलारू नालंदा) को बिहारशरीफ स्थित एडीजे–07 (।क्श्र–07) न्यायालय ने दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई है। अदालत ने पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 20,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता (प्च्ब्) की धारा 506 के तहत अभियुक्त को 2 वर्ष के कारावास और 5,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यदि अभियुक्त अर्थदंड का भुगतान नहीं करता है, तो उसे 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस सजा के तहत अभियुक्त को न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

# हिलसा में टीएलएम मेले का आयोजन, शिक्षकों के शैक्षणिक प्रोजेक्ट्स ने बटोरी सराहना



हिलसा (अपना नालंदा)। नगर के रामचंद्र गुप्ता कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) मेले का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) नीतेश कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में आठ विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत दर्जनों शैक्षणिक प्रोजेक्ट्स का अतिथियों ने गहराई से अवलोकन किया और उनकी सराहना की। बीईओ नीतेश कुमार रंजन ने कहा कि खेल एवं मनोरंजक माध्यमों से बच्चे जल्दी सीखते हैं और उनके अंदर नई चीजों को जानने की ललक बढ़ती है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के मस्तिष्क का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने भाग लेने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का विशेष रूप से हौसला बढ़ाया। समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि विशेष रूप से सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचय, उर्दू पाठ्यक्रम, अंग्रेजी पाठ्यक्रम, गणितीय गिनती, स्वर–व्यंजन, व्याकरण आदि विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स बच्चों के लिए अत्यंत रोचक रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी, बीपीएम संजीत कुमार, कौशल कुमार, देवकांत कुमार, सुचेता कुमारी, आदित्य कश्यप, कौशल्या कुमारी, अमरेन्द्र कुमार समेत कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES
All Types of Fire Extinguisher, Hydrant,
Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items
2nd Floor
Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
+91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

# हिलसा में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, ससुर गिरफ्तार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। हिलसा थाना अंतर्गत मई गांव की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। 30 जनवरी की सुबह करीब 9रू00 बजे हिलसा थाना पुलिस को सूचना मिली कि अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और जांच में पाया गया कि मृतका का नाम चमेली कुमारी (पति– प्रेम पासवान) थी, जो मई गांव की निवासी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतका को उसके ससुराल वाले अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए थे। मामले की सूचना मृतका के मायके पक्ष को दी गई, जिसके बाद उसके पिता चंदेश्वर पासवान (निवासी– नौगढ़, थाना हिलसा) ने हिलसा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और ससुराल वाले मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। दहेज न मिलने के कारण उसकी हत्या कर दी गई और शव को अस्पताल में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। इस शिकायत पर हिलसा थाना में कांड संख्या 66ध्25, दिनांक 31.01.25 को बीएनएस की धारा 80(2)ध्3(5) के तहत मृतका के पति, सास, ससुर और अन्य पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी उमेश पासवान (ससुर) को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और विधि–विज्ञान प्रयोगशाला टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है।

20 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में
बच्चों की मुस्कान
Estd.- 2005
Reestablished- 2021
Reg. No.- 22913872021112719220४
राष्ट्र की शान
9334304341
7563996997
8873996997
BIHAR CENTRAL SCHOOL
Shiksha Nagar, Doiya (Near Kut Factory) N.H.-17 (Nalanda)
प्रिय अभिभावकों,
जिस तरह आप अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, तो उसी तरह हम भी उन्हें सुखद और समृद्ध बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं । बिहार की पावन धरा जिस तरह विश्व को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित कर रही है । जिसका एक प्रारूप ''बिहार सेन्टल स्कूल'' है ।
इसकी कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं–
- कुशल एवं योग्य शिक्षकगण ।
- अनुशासित शैक्षणिक वातावरण ।
- सी.सी.टी.वी. कैमरे से लैस कैंपस ।
- सभी मार्गों के लिए वाहन की सुविधा ।
- साफ सुथरा तथा 'इको फ्रेंडली' स्कूल कैंपस ।
- पढ़ाई के साथ–साथ अनेक खेलों की सुविधा ।
- सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब ।
- समय–समय पर शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।
Bumper Discount
₹ 5000/- + Educational Kit Free
Play Group to 10th
Admissions OPEN
New Admission Session 2025-2026
OFFER
Up to 1st March 2025
Principal
SHYAM SUNDAR PRASAD
विशेष धमाका ऑफर (प्रतिभा अनुरुप नामांकन में भी छूट)

# सेवानिवृत्ति पर बीईओ को दी गई विदाई



हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बीआरसी में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीईओ सुरेंद्र कुमार सिन्हा को विदाई दी गई। वहीं प्रभार में कतरीसराय के बीईओ अब्दुल मन्नान को मिला जिसमें सम्मानित किया गया । इस दौरान बीडीओ उज्जवल कांत, नए बीईओ मं सहित प्रधानाध्यापकों ने माला पहनाकर, वस्त्र व उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। बीडीओ ने कहा कि किसी भी कार्य के संपादन में श्री सिन्हा सदैव तत्पर रहते थे। नई बीईओ ने कहा कि उनका कार्यकाल अनुकरणीय रहा। वहीं, सेवानिवृत्त बीईओ ने कहा कि हरनौत के अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षकों का जो प्यार व सम्मान मिला उसे आजीवन याद रखेंगे। मौके पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद भारती , सचिव सह प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , बीपीएम मनीष , मनोज कुमार , समेत अन्य मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई



हरनौत (अपना नालंदा)। कल्याण बिगहा बिजली आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता शिवशंकर सिंह के सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। वे जहानाबाद जिला के है। उन्होंने 22 वर्ष की आयु में धनबाद में पहली बार एसबीओ बनने का मौका मिला। वही कल्याण में उन्होंने एक सितंबर 2021 को योगदान दिया। वक्ताओं ने कहा कि जेई श्री सिंह अपने कार्यकाल को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूर्ण कर रिटायर हुए। वे बिजली विभाग में नौकरी कर अपने सारे कर्तव्यों का निर्वहन किया। सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कर्मचारियों ने फूल मालाओं से इनका स्वागत किया स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र के साथ साल देकर सम्मानित किया इस अवसर पर विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्ना हुआ। आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्युत अधीक्षण अभियंता आपूर्ति सुशील कुमार , विद्युत कार्यपालक अभियंता बिहारशरीफ रूपक कुमार , सहायक विद्युत अभियंता परियोजना राजीव रंजन ,सहायक विद्युत अभियंता बिहारशरीफ ग्रामीण–1 श्यामल किशोर , सहायक विद्युत अभियंता ग्रामीण–2 अश्विनी कुमार बराह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटु यादव , कल्याण बिगहा के जेई सह कल्याण बिगहा के प्रभारी जेई मनीष समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के पैतृक गांव कल्याण बिगहा में टावर से लाखों की बैटरियां चोरी

हरनौत (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा में एक मोबाइल टावर से लाखों रुपये की बैटरियां चोरी हो गई हैं। हरनौत थाना अध्यक्ष सुषमा कुमारी ने बताया कि देवी स्थान के पास लगे मोबाइल टावर से अज्ञात चोरों ने करीब 25 बैटरियां चोरी कर लीं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी टू संजय कुमार जायसवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चोरों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

# बिहार के अंचल कार्यालयों की कार्यक्षमता पर सवाल, 534 में से बिंद अंचल 29वें स्थान पर

बिहारशरीफ(अपना नालंदा) ।बिहार राज्य के 534 अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता जताई जा रही है, क्योंकि इन कार्यालयों की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर पाई गई है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के द्वारा कराए गए निरीक्षण और मापदंडों के आधार पर किए गए रैंकिंग में बिंद अंचल 29वें स्थान पर रहा है, जबकि बिहारशरीफ अंचल को 358वां स्थान मिला है। राजस्व व भूमि सुधार विभाग द्वारा किए गए कार्यों की रैंकिंग में म्यूटेशन, परिमार्जन, अंचल कार्यालयों का निरीक्षण, तथा विभागीय कार्यों का विश्लेषण किया गया था। इस दौरान सूबे के अंचल कार्यालयों में कोई भी कार्यालय 100 में से 50 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल नहीं कर सका। कुछ अंचल तो ऐसे थे जिन्होंने 40 अंक से भी कम हासिल किए। अंचल कार्यालयों की रैंकिंग में विशेष रूप से ध्यान दिए गए मापदंडों में दाखिल–खारिज के मामलों का निपटारा परिमार्जन प्लस पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निपटारा अभियान बसेरा–2 के तहत वासविहीन लोगों को भूमि का आवंटन आधार सीडिंग ई–मापी (Electronic Mapping of Propertie) इस रैंकिंग में परवलपुर अंचल 71वें, करायपरसुराय 101वें, हिलसा 110वें, अस्थावां 121वें, कतरीसराय 162वें, एकंगरसराय 210वें, नगरनौसा 221वें, थरथरी 267वें, रहुई 286वें, और बिहारशरीफ 358वें स्थान पर रहे हैं। अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हुए यह भी देखा गया कि बेसिक प्रशासनिक कार्यों के समुचित निपटारे के अभाव में नागरिकों को सुविधाओं की कमी महसूस हो रही है। विभाग ने जल्द ही कार्यों को सुधारने और गति देने के लिए कार्रवाई की बात की है ताकि आने वाले समय में इन कार्यालयों की रैंकिंग में सुधार हो सके और नागरिकों को बेहतर सेवा मिल सके।




